हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 21 मई 2026

11 ट्रैफिक पुलिस ने एक ही दिन में तीन लाख के काटे चालान



12 खाड़ी युद्ध की आग से झुलसे उद्योग, अब महंगे ईंधन...



## शहर में आज

- शिवाजी कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।
- एमडीयू में गैर शिक्षक कर्मचारियों की हड़ताल सुबह 9 बजे।
- सुबह 11 से 1 बजे तक बिजली निगम में खुला दरबार।
- बिजली कट सुबह 6 से 8 बजे तक अलग-अलग कॉलोनियों में।

# स्मार्ट रोड-एलईडी लाइट से चमकेगा शहर, कचरे का होगा वैज्ञानिक निस्तारण

**बैठक**

मेयर रामअवतार और डीसी सचिन की अध्यक्षता में हुई फाइनेंस कमेटी की बैठक

तीन बड़े फैसले, शहर विकास के लिए करोड़ों की योजनाओं को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट्स कमेटी (एफ एंड सीसी) की बैठक बुधवार को उपायुक्त सचिन गुप्ता व मेयर रामअवतार वाल्मीकि की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में शहर के विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े तीन बड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें डंपिंग साइट पर जमा लीगेसी वेस्ट के निस्तारण, स्मार्ट रोड निर्माण और शहर में नई एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में सबसे बड़ा फैसला नगर निगम सीमा के भीतर एनजीटी के निर्देशों के तहत डंपिंग साइट पर वर्षों से जमा लीगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण को लेकर लिया गया।

इस परियोजना पर करीब 8.98 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि डीसीआरयूएसटी, मुरथल द्वारा किए गए सर्वे और आकलन के अनुसार डंपिंग साइट पर लगभग 1.03 लाख घन मीटर कचरा जमा है, जिसकी गहराई 4 से 5 मीटर तक है। इस योजना के तहत बायो-माइनिंग और बायो-रिमेडिएशन तकनीक से कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण किया जाएगा। इसमें कचरे की स्क्रीनिंग और पृथक्करण, कम्पोस्ट जैसी सामग्री की रिकवरी, रिसाइकिल योग्य सामग्री को अलग करना और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री तैयार करना शामिल रहेगा।

इसके अलावा जमीन को समतल कर पुनर्स्थापित भी किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, मंजीत कुमार कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, इजीनियर सत्यवर्त व सूर्य धनखड़, पार्षद सुशील नांदल, पार्षद कंचन खुराना मौजूद रही।

### 2.38 करोड़ रुपये की लागत से 30 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी स्मार्ट

*बैठक में दूसरा अहम प्रस्ताव शहर में 30 मीटर चौड़ी सड़क को स्मार्ट रोड के रूप में विकसित करने को लेकर रखा गया, जिसे मंजूरी दे दी गई। इस योजना पर लगभग 2.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट रोड परियोजना के तहत आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन, बेहतर पैदल मार्ग, हरित क्षेत्र और स्मार्ट सिविक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, धूल प्रदूषण कम होगा और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।*



रोहतक। मेयर रामअवतार वाल्मीकि व डीसी सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में हुई फाइनेंस कमेटी की बैठक में भाग लेते अधिकारी।

### सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास

नगर निगम शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि आम जनता को जल्द लाभ मिल सके।

**रामअवतार वाल्मीकि,**
मेयर, नगर निगम

### विभिन्न वार्डों में 3000 नई एलईडी स्ट्रीट लाइट पर 1.55 करोड़ रुपये खर्च होंगे

*बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में 3000 नई एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना पर करीब 1.55 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि पार्षदों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। इससे शहर की सड़कों और गलियों में रोशनी बेहतर होगी तथा लोगों की सुरक्षा भी बढ़ेगी।*

## खबर संक्षेप

### एमडीयू की यूजी-पीजी परीक्षाएं 25 मई से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई-2026 सत्र की विभिन्न स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 25 मई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत संचालित सभी यूजी पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की नियमित, री-अपीयर और इम्प्रूवमेंट परीक्षाएं 25 मई से शुरू होंगी। इसके साथ ही दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रमों- एमए, एमएससी और एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की नियमित, री-अपीयर और इम्प्रूवमेंट परीक्षाएं भी 25 मई से आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### 26 शोधार्थी पीएचडी डिग्री के पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स तथा रिसर्च कमेटी की अनुशंसा पर 26 शोधार्थियों को पीएचडी का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थियों में जैव प्रौद्योगिकी विभाग से अंकित कुमारी, कुमारी सोनिया और रितु रानी, खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग से शिवांकी तोमर, जेनेटिक्स विभाग से तरसेम और इंदु कुमारी, फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग से सोनिया खोखर, भौतिकी विभाग से लतिशा और ज्योति, विधि विभाग से जॉनी नांदल, शीतल, धर्मेश, परवेश, निधि मलिक, रेशुका मोर और महिमा, होटल एवं पर्यटन प्रबंधन से विकास डांगी, इमसार से ऋतु, रेनू बेनीवाल और उर्वशी सूर्यवंशी, गणित (यूआईईटी) विभाग से मोनिका, सिविल इंजीनियरिंग से देवेंद्र कुमार बेनीवाल, इतिहास विभाग से प्रीति रानी, मनोविज्ञान विभाग से सागरिका फोगाट, शिक्षा विभाग से प्रीति दहिया तथा अंग्रेजी विभाग से विनय यादव शामिल हैं।

### मंडल कार्यालय में कल लगेगा रोजगार मेला

**रोहतक।** मंडल रोजगार कार्यालय रोहतक की ओर से 22 मई 2026 को सुबह 9:30 बजे स्थानीय मंडल रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला लगेगा। डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेले में रोहतक और आसपास के जिलों के कॉलेजों, पॉलीटेक्निक संस्थानों तथा आईटीआई से डिप्लोमा प्राप्त अभ्यर्थियों के साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, 12वीं पास और अन्य नौकरी के इच्छुक युवा भाग ले सकेंगे। मेले में 10+2, ग्रेजुएट, आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिकल, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट और मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा धारकों के लिए रिक्तियां उपलब्ध रहेंगी।

### फार्म हाउस से आईफोन बुलेट ले भागा कर्मचारी

**रोहतक।** गांव सिंहपुरा स्थित एक फार्म हाउस में काम करने वाले युवक पर चोरी का आरोप लगा है। फार्म हाउस मालिक का कहना है कि कर्मचारी वहां से बुलेट मोटरसाइकिल, आईफोन-15 और अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपनी शिकायत में अस्थल बोहर निवासी राजेश ने बताया कि सिंहपुरा में उनका फार्म हाउस है। वहां सुरेंद्र नाम का युवक काम करता था। राजेश के अनुसार सुरेंद्र अचानक फार्म हाउस से उनकी बुलेट बाइक, एक आईफोन-15 और एक बैग में रखा अन्य सामान चोरी कर ले गया। काफी तलाशने पर भी जब उसका सुराग नहीं लगा तो सूचना पुलिस को दी गई।



**सुझाव: दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें**

# फिर 46.9° पर तपा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक में भीषण गर्मी का कहर जारी है। बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान लगातार दूसरे दिन 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में कोई बदलाव नहीं होने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी।

तेज धूप और लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित किया और दोपहर के समय सड़कों व बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही देखने को मिली। गर्मी का प्रकोप ऐसे ही जारी रहा तो अब रात का तापमान बढ़ना तय है। गर्मी की भंयकरता को देखते हुए प्रशासन लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन का अनुरोध है कि ज्यादा जरूरी न हो तो दोपहर को बारह बजे से शाम चार बजे तक लोग घरों में ही रहें। क्योंकि दौरान गर्मी चरम पर होती है।

### दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा

दोपहर के समय मुख्य मार्गों और खुले क्षेत्रों में सन्नाटा दिखाई दिया। लोग जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकले। गर्मी से बचाव के लिए लोग छाते, गमछे, टोपी और पानी की बोतलों का सहारा लेते नजर आए। लगातार ऊंचा तापमान बने रहने से हीट स्ट्रोक और शरीर में पानी की कमी का खतरा भी बढ़ गया है। इधर प्रशासन ने भी बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। जरूरी काम होने पर सिर को ढककर रखें, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और साथ में पानी अवश्य रखें। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और ओआरएस का सेवन करने की सलाह दी।

### गर्मी से बचने के कैसे-कैसे जतन



### लू और तेज धूप से बचें: डीसी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि लू लगने की स्थिति में तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर, अत्यधिक पसीना आना या पसीना बंद होना, कमजोरी, उल्टी और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत छांव में जाएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों की विशेष देखभाल करने की भी अपील की गई है। साथ ही संबंधित विभागों को पेयजल और स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिले में बड़े जल स्रोत या पहाड़ी क्षेत्र नहीं होने से ज्यादा गर्मी: धनखड़

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की सीनियर प्रोफेसर राजेश धनखड़ बताती हैं कि लगातार सबसे गर्म रहने के पीछे कई स्थानीय और मौसम संबंधी कारण हैं। सबसे बड़ी वजह राजस्थान की ओर से आने वाली गर्म और शुष्क पश्चिमी हवाएं हैं। इन हवाओं के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र में किसी प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ या बारिश देने वाले मौसम तंत्र की सक्रियता नहीं होने से राहत की कोई संभावना फिलहाल नहीं बन रही है। डॉ.धनखड़ कहती हैं कि जिले में आसपास खुले मैदानी क्षेत्र अधिक हैं और बड़े जल स्रोत या पहाड़ी क्षेत्र नहीं हैं, जिससे गर्म हवाएं बिना किसी रुकावट के गुजरती हैं। खेतों से फसलें कट चुकी हैं। उनका कहना है कि इसलिए जमीन बहुत जल्द ही गर्म होती है। वहीं बढ़ता शहरीकरण, कंक्रीट संरचनाएं और कम होती हरियाली भी हीट का मुख्य कारण हैं।

### लू लगने से बिगड़ रही सेहत

लू लगने की वजह से लोगों की सेहत बिगड़ने लगी है। लोगों को चक्कर आने, उल्टी आने की शिकायतें हो रही हैं। इसके अलावा बदन दर्द और बुखार हो रहे हैं। आए दिन ऐसे मरीज पीजीआईएमएस और निजी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों की संख्या 50 से ज्यादा बढ़ रही है। कई दिन से तापमान अधिक होने के चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। हालांकि चिकित्सकों ने उन्हें भरपूर पानी पीने, जूस, ग्लूकोज और नीम्बू पानी पीने की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि तेज धूप के समय घर से बाहर न निकले।

# आर्थिक तंगी में दुकानदार ने दुकान में ही लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक के गांधी कैंप स्थित चाउमिन चौक इलाके में बुधवार दोपहर एक कंफेक्शनरी दुकानदार का शव उसकी दुकान के अंदर फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान करीब 50 वर्षीय हैप्पी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर आर्य नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हैप्पी पहले केबल नेटवर्क का काम करता था, लेकिन काम बंद होने के बाद वह आर्थिक संकट में आ गया। बाद में उसने गांधी कैंप में कंफेक्शनरी की दुकान शुरू की, परंतु कारोबार उम्मीद के अनुसार नहीं चला। लगातार आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के कारण वह पिछले कुछ समय से डिप्रेशन में था। बुधवार को काफी देर तक दुकान बंद रहने पर लोगों को शक हुआ। अंदर जाकर देखने पर हैप्पी का शव फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आर्य नगर थाना पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया गया है।



जांच करती पुलिस टीम।

### बेटा करता है नौकरी

परिवार में हैप्पी का एक बेटा है, जो फिलहाल नौकरी करता है। कुछ समय पहले तक वह पिता के साथ दुकान पर बैठता था। वहीं उसकी बेटी की शादी गांधी कैंप के युवक से हो चुकी है।

### मानसिक रूप से परेशान दिव्यांग ने की खुदकुशी

**सांपला।** गांव अटायल स्थित दादा देई पाल मंदिर परिसर में एक दिव्यांग व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने वाले की पहचान जोगेंद्र पुत्र जिले सिंह के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 38 वर्ष बताई गई है। मंगलवार सुबह मंदिर परिसर में जोगेंद्र का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि जोगेंद्र मानसिक रूप से परेशान रहता था। वह एक पैर से दिव्यांग भी था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास व 10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अदालत ने महिला की हत्या के मामले में उसके पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एएसजे संदीप कुमार दुग्गल की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है जिसकी अदायगी न करने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

मामले के अनुसार, थाना कलानौर पुलिस को दी शिकायत में नवीन निवासी गांव छपार ने बताया कि वह तीन बहन भाई हैं। सबसे बड़ी बहन सरिता, अनिता और वह है। बहन सरीता की शादी गांव पिलाना में रविन्द्र उर्फ काला के साथ हुई थी। जिसके पास 2 लड़की हैं। उन्हें 17 मार्च 2022 को दोपहर के समय सूचना मिली कि सरिता की हत्या उसके पति रविन्द्र ने किसी तेज धारदार हथियार से चोटें मारकर की है। वह सूचना पाकर परिवार सहित अपनी बहन सरिता के घर गांव पिलाना आया तो देखा कि उसकी बहन घर के अन्दर कमरे में फर्श पर मृत अवस्था में पड़ी थी। जिसकी गर्दन व हाथ पर किसी तेज धारदार हथियार से काफी चोटों के निशान मिले।

पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। अब अदालत ने दोनों पक्षों के गवाह और सबूतों को देखते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# गौड़ कॉलेज में छात्र गुटों में चले लाठी-डंडे, दो गंभीर

- पुलिस बोली- शिकायत मिलने पर नियमानुसार होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक के गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में बुधवार सुबह दो छात्र गुटों के बीच हुआ विवाद खूनी झगड़े में बदल गया। कॉलेज की पार्किंग में शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते लाठी-डंडों की मारपीट में बदल गई। घटना में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना के बाद कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया।

घायलों का आरोप है कि हमले में बाहरी युवक और परिवार के सदस्य भी शामिल थे। वहीं, घटना के कई घंटे बाद तक न तो पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही कॉलेज प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ कोई कदम उठाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह कॉलेज में सामान्य गतिविधियां चल रही थीं। इसी दौरान पार्किंग में दो छात्र गुटों के बीच बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर एक पक्ष ने बाहर से अपने दोस्तों और परिजनों को बुला लिया। कुछ ही देर में लाठी-डंडों से लैस युवक कॉलेज पहुंच गए और दूसरे गुट पर हमला कर दिया। अचानक शुरू हुई मारपीट से परिसर में भगदड़ जैसे हालात बन गए। कई छात्र-छात्राएं जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हमलावरों ने दो छात्रों को घेरकर उनके साथ जमकर मारपीट की। लाठी-डंडों से किए गए वार में दोनों छात्रों के हाथ, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।







### बिना वजह हमला करने का आरोप

घायल छात्र गांव ककराना निवासी जयहिंद ने बताया कि वह बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसके अनुसार वह दोस्तों के साथ पार्किंग में खड़ा था, तभी उसी कक्षा का छात्र अरुण अपने साथियों और कुछ परिजनों के साथ वहां पहुंचा। जयहिंद का आरोप है कि अरुण ने पहले अपशब्द कहे और विरोध करने पर बाहर से युवकों को बुलाकर हमला करवा दिया। उसने कहा कि आरोपी के साथ उसकी पहले कोई रंजिश नहीं थी, फिर भी उस पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी गई।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

घटना के बाद कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि यदि बाहरी लोग आसानी से कॉलेज परिसर में घुस सकते हैं, तो यह सुरक्षा में बड़ी लापरवाही है। छात्राओं ने भी घटना के बाद भय का माहौल होने की बात कही।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। रमेश ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अनसेफ सिटी** | **एनसीआरबी रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता : बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग; कोई भी सुरक्षित नहीं**

# रोहतक 'मिसिंग केस' का हॉटस्पॉट, शहर से 940 लोग लापता

मनोज वर्मा ▶▶ रोहतक

शहर में बढ़ते गुमशुदगी के मामलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में जिले से 940 लोग लापता हुए हैं, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग तक शामिल हैं। सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की है, जबकि महिलाओं के गायब होने के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। शहर में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, कोई भी सुरक्षित नजर नहीं आता। कई लोग सालों पहले घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। आखिर रोहतक में लोग यूं कैसे गायब हो रहे हैं और क्यों हर नए दिन के साथ ये आंकड़ा और डरावना होता जा रहा है। किसी का बेटा, किसी की बेटी, किसी की मां, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। आंकड़ों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था, सामाजिक हालात और अपराध नियंत्रण पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर लोग कहां जा रहे हैं, क्यों गायब हो रहे हैं और कितने अब तक सुरक्षित लौट पाए हैं।

### युवा सबसे ज्यादा लापता

गायब होने वालों में 18 साल से ऊपर के युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। कुल 920 युवा लापता हुए हैं। इनमें पुरुषों की संख्या सबसे ज्यादा है। इससे पता चलता है कि सिर्फ बच्चे ही नहीं, बल्कि नौकरी, पारिवारिक विवाद, अपराध, मानसिक तनाव या अन्य कारणों से बड़े लोग भी अचानक गायब हो रहे हैं।

हरिभूमि विशेष

### महिलाएं गायब होने के मामले बढ़े

रिकॉर्ड के मुताबिक रोहतक में 582 महिलाएं लापता दर्ज हैं। इनमें बड़ी संख्या 18 साल से ऊपर की महिलाओं की है। इसके पीछे कई वजहें सामने आती हैं। कुछ मामलों में शादी या प्रेम संबंध जुड़े होते हैं, जबकि कई बार मानव तस्करी, घरेलू हिंसा और मजबूरी जैसे कारण भी सामने आते हैं।

### बच्चे भी सुरक्षित नहीं

कुल 20 बच्चे लापता हुए हैं। इनमें लड़कों और लड़कियों दोनों की संख्या शामिल है। बच्चों का गायब होना सबसे ज्यादा डर पैदा करता है, क्योंकि ऐसे मामलों में अपहरण, बाल मजदूरी, मानव तस्करी या गलत संगत जैसे खतरे बढ़ जाते हैं।





### देखें आंकड़े

| | |
|---|---|
| कुल लापता | 940 |
| पुरुष | 358 |
| महिलाएं | 582 |
| बच्चे | 20 |
| युवा | 920 |

### पुरुष

| | |
|---|---|
| कुल | 358 |
| 12 साल से कम | 3 |
| 12 से 16 साल | 11 |
| 16 से 18 साल | 2 |
| बच्चे | 16 |
| 18 साल से ऊपर | 342 |

### महिलाएं

| | |
|---|---|
| कुल महिलाएं | 582 |
| 12 साल से कम | 2 |
| 12 से 16 साल | 1 |
| 16 से 18 साल | 1 |
| बच्चियां | 4 |
| 18 साल से ऊपर | 578 |

ट्रांसजेंडर वर्ग में कोई मामला नहीं

(सामाजिक कार्यकर्ता विनोद देशवाल मानते हैं कि कई बार ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग ही नहीं हो पाती।)

### घर से निकले अनुभव, पर लौटे नहीं

**रोहतक।** शीला बाइपास स्थित चाणक्यपुरी कॉलोनी से एक 40 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में चाणक्यपुरी निवासी शिखा गर्ग ने बताया कि उसके पति अनुभव गर्ग 18 मई को सुबह 4 बजे बिना बताए घर से निकल गए। परिवार को पहले लगा कि वह किसी जरूरी काम से बाहर गए होंगे, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी जब वे नहीं लौटे और उनका फोन बंद मिला तो उनकी चिंता बढ़ गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और जानकारों के यहां भी तलाश की, मगर अनुभव गर्ग का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि अनुभव गर्ग किस दिशा में गए थे। वहीं, परिवार लगातार उनके सकुशल लौटने की उम्मीद लगाए बैठा है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि किसी को अनुभव गर्ग के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचित करें।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में दो घंटे बंद रहे मेडिकल स्टोर

**रोहतक।** ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को हड़ताल का मिलाजुला असर देखने को मिला। एसोसिएशन ने ऑनलाइन फार्मेसी का विरोध करने के लिए दो घंटे दुकानों को बंद किया। केमिस्ट की दुकान बंद होने से कुछ समय के लिए मरीजों को परेशानी हुई, लेकिन बाद में दुकानों को खोल दिया। जिला केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र सिंह चावला ने बताया कि ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन फार्मेसी का विरोध करने के लिए दो घंटे तक सांकेतिक तौर पर दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया। प्रधान ने बताया कि ऑनलाइन फार्मेसी जहर की तरह है, जो सीधे मरीजों को दवाइयों के रूप में दिया जा रहा है। ऑनलाइन फार्मेसी के जरिए वो दवाईयां भी आ रही है, जिन पर सरकार ने प्रतिबंद लगाया हुआ है। क्योंकि ऑनलाइन फार्मेसी पर कोई निगरानी नहीं है। हालांकि सुबह के समय दवा की दुकान बंद होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। केमिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन फार्मेसी के खिलाफ लोगों से भी साथ देने का आह्वान किया। महेंद्र सिंह चावला ने बताया कि ऑनलाइन फार्मेसी में दवाइयों पर फार्मासिस्ट की निगरानी नहीं होती।

## प्यासे रोहतक को राहत की आस, इस समय जलघरों में बचा कुछ ही पानी

# भिवानी सब ब्रांच व काहनौर डिस्ट्रीब्यूट्री में आपूर्ति शुरू, जेएलएन में 27 को आएगा जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




भीषण गर्मी के बीच पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझ रहे रोहतक शहर और आसपास के क्षेत्रों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लगातार बढ़ते तापमान और पेयजल संकट के बीच सिंचाई विभाग ने भिवानी सब ब्रांच और काहनौर डिस्ट्रीब्यूट्री में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी है। विभाग के अनुसार इन दोनों नहरों में एक सप्ताह तक नियमित जल प्रवाह जारी रहेगा। इसके बाद 27 मई तक जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) नहर में भी पानी पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इससे शहर की पेयजल व्यवस्था को बड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है। शहर में पिछले कई दिनों से पानी की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। शहर का तापमान बीते दो दिन से 46.9 डिग्री सेल्सियस पर है। ऐसे हालात में पेयजल की मांग भी सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ गई है। लेकिन दूसरी ओर नहरों में पानी की कमी के कारण शहर के जलघरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा। इसका सीधा असर शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ा।

### पेयजल के लिए शहर जेएलएन पर निर्भर

सिंचाई विभाग का कहना है कि शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी जवाहरलाल नेहरू नहर है। विभाग के अनुसार यदि निर्धारित समय के अनुसार 27 मई तक जेएलएन में पानी पहुंच जाता है तो शहर के बड़े हिस्से में पेयजल वितरण व्यवस्था मजबूत हो जाएगी। जलघरों तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचने से विभाग को आपूर्ति प्रबंधन में राहत मिलेगी। दरअसल, जेएलएन नहर रोहतक शहर की जलापूर्ति व्यवस्था की लाइनलाइन मानी जाती है। इसके चालू होने से शहर के कई जलघर सीधे प्रभावित होते हैं और वहां से हजारों परिवारों तक पानी पहुंचता है। ऐसे में 27 मई से नहर में जल आपूर्ति शुरू होने से पेयजल संकट काफी हद तक कम हो जाएगा।

### पानी को लेकर बढ़ रही लोगों में नाराजगी

पिछले कुछ दिनों में पानी की कमी को लेकर शहर के लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही थी। कई क्षेत्रों में लोगों ने अनियमित जलापूर्ति की शिकायतें की थीं। बढ़ती गर्मी और पानी की कमी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी थी। ऐसे में अब नहरों में पानी छोड़े जाने की खबर लोगों के लिए राहत लेकर आई है। जन स्वास्थ्य विभाग और सिंचाई विभाग दोनों हालात पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जलापूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। जहां जरूरत होगी वहां अतिरिक्त इंतजाम भी किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को परेशानी न हो। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार करें और अनावश्यक बर्बादी से बचें। विभाग का मानना है कि बढ़ती गर्मी के बीच पानी का संतुलित उपयोग करना भी बेहद जरूरी है। भंयकर गर्मी के इस तपते मौसम में अब लोगों की निगाहें 27 मई पर टिकी हैं। यदि तय समय पर जेएलएन नहर में पानी पहुंचता है तो प्यासे रोहतक शहर को बड़ी राहत मिल सकती है और शहर की सूखी टंकियों में फिर से पानी के साथ उम्मीद भी भर सकती है।

### दोनों समय पानी देना बना विभाग के लिए समस्या

स्थिति यह हो गई थी कि शहर के अधिकांश हिस्सों में दोनों समय पानी देना जन स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती बन गया था। कुछ क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए तो कई कॉलोनियों और मोहल्लों में लोग अनियमित आपूर्ति से परेशान थे। कई स्थानों पर पानी कम दबाव से पहुंच रहा था, जबकि कुछ इलाकों में लोगों को निजी टैंकरों या वैकल्पिक साधनों के जरिए पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही थी। अब सिंचाई विभाग की ओर से भिवानी सब ब्रांच और काहनौर डिस्ट्रीब्यूट्री में पानी छोड़ दिया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इन नहरों में पानी आने का असर आगामी दिनों में महम क्षेत्र सहित रोहतक जिले के उत्तर-पश्चिमी गांवों में भी दिखाई देगा। लंबे समय से सूखे पड़े जलघरों के टैंकों में अब पानी पहुंचना शुरू होगा, जिससे आपूर्ति व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य होने लगेगी।

## स्टेशन पर युवती का पर्स लेकर युवक फरार

**रोहतक।** दिल्ली से श्री हनुमानगढ़ जंक्शन जा रही ट्रेन में सफर कर रही एक युवती से रोहतक रेलवे स्टेशन पर पर्स छीनने का मामला सामने आया है। ट्रेन रुकते ही एक युवक तेजी से कोच में घुसा और युवती का पर्स छीनकर फरार हो गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-20, आईटीआई कॉलोनी हनुमानगढ़ निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि ट्रेन रोहतक जंक्शन पर रुकी, तभी एक अज्ञात युवक अचानक कोच के पास पहुंचा और उसका पर्स छीनकर भाग गया। घटना की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दी गई। रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## बिजली लाइन से लाखों रुपये के कंडक्टर चोरी

**महम।** यूएचबीवीएन सब डिवीजन महम के एसडीओ संजीत कुमार ने महम थाने में एक शिकायत में कहा है कि 11केवी भराण जगमग फीडर से निंदाना साइट की ओर राजा वाली सड़क पर पब्लिक हेल्थ बुस्टर वाली लाइन का तार चोरी हो गया है। पुलिस व निगम की टीम मौके पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि एसीएसआर कंडक्टर 50 एमएम 2 लगभग 2 हजार 950 मीटर चोरी हुआ मिला। इससे विभाग को 2 लाख 60 हजार 82 रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## न्यूज डायरी



### भालौठ स्कूल में छात्रों को विकसित भारत रोजगार और पीएम इंटर्नशिप योजना पर किया जागरूक

**रोहतक।** गांव भालौठ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग की ओर से व्यावसायिक मार्गदर्शन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रोजगार निदेशालय के तत्वावधान में विद्यालय के सभागार में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को रोजगार और करियर से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान ने विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।



### खरीफ खरीद सीजन से पहले जिले की सभी मंडियों में शुरू हो आवश्यक तैयारियां : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने खरीफ खरीद सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी अनाज मंडियों में अभी से आवश्यक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी मूलभूत और तकनीकी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। वो लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने मंडी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन मंडियों में फसल तौलने के लिए तोल कांटे उपलब्ध नहीं हैं, वहां शीघ्र स्थापना की जाए। जिन मंडियों में पहले से तोल कांटे लगे हैं, उनकी कार्यक्षमता की जांच कर उन्हें पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने मंडियों में आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर भी जोर दिया।

### पुलिस लाइन में जवानों ने किया योगाभ्यास स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

**रोहतक।** पुलिस लाइन में जवानों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योगा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने विभिन्न योगासन और व्यायाम किए तथा फिट रहने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षक ने सबसे पहले प्राणायाम से योग सत्र की शुरुआत करवाई। इसके बाद जवानों को अलग-अलग प्रकार के व्यायाम और योगासन का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योग और व्यायाम से शरीर मजबूत, लचीला और ऊर्जावान बनता है। जवानों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करने, संतुलित भोजन लेने और पर्याप्त नींद लेने के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए रोजाना कुछ समय अपने लिए निकालकर योग और कसरत करने की सलाह दी गई। योग प्रशिक्षक ने कहा कि योग तनाव को कम करने के साथ-साथ बेहतर नींद देने में भी मददगार है। नियमित योग करने से मन और मस्तिष्क को शांति मिलती है तथा बीमारियों का खतरा भी कम होता है। कार्यक्रम के दौरान जवानों को संदेश दिया गया कि योग और व्यायाम केवल शरीर ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी हैं। सकारात्मक जीवनशैली के लिए व्यक्ति को नियमित रूप से योग करना चाहिए।

### ट्रैक्टर के टूल बॉक्स से दो लाख रुपये चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

**सांपला।** गांव खरहर जिला झज्जर निवासी राजसिंह पुत्र मेहरसिंह के ट्रैक्टर से दो लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, राजसिंह अपने आयशर ट्रैक्टर पर सवार होकर सांपला आया था। उसने झज्जर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक से दो लाख रुपये निकलवाए। इसके बाद उसने नकदी ट्रैक्टर की सीट के पीछे बने टूल बॉक्स में रख दी और पास की एक दुकान पर पानी पीने चला गया। कुछ देर बाद जब वह मंडी पहुंचा तो उसने पैसे चेक किए। टूल बॉक्स में रखी नकदी गायब मिली। इसके बाद राजसिंह तुरंत वापस बैंक पहुंचा और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो एक करीब 19-20 वर्षीय युवक ट्रैक्टर से पैसे निकालते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने राजसिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### खरक जाटान गांव में दो खेतों के सोलर ट्यूबवेलों से कंट्रोलर और तार चोरी, केस दर्ज

**लाखन माजरा।** खरक जाटान गांव में दो खेतों पर लगे सोलर ट्यूबवेलों से किसी ने कंट्रोलर व तार चोरी कर ली। लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में खरक जाटान गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र जगदीश ने बताया कि उसके अपने खेत में सोलर ट्यूबवेल का कनेक्शन लिया हुआ है। कल जब वह खेत में पहुंचा तो ट्यूबवैल से सोलर कनेक्शन का कंट्रोलर व तार चोरी हुए मिले। इसी दौरान उसके खेत का पड़ोसी हर्ष पुत्र सुरेंद्र ने बताया कि उसने अपने खेत में अपनी मां शर्मिला के नाम से सोलर कनेक्शन ले रखा है। किसी ने उसके ट्यूबवेल से भी कंट्रोलर चोरी कर लिया। शिकायतकर्ता अनिल कुमार ने पुलिस से चोर का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### चांदी गांव से 27 वर्षीय महिला लापता, केस दर्ज

**लाखन माजरा।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चांदी से एक 27 वर्षीय महिला लापता हो गई। महिला के पति ने इसकी शिकायत पुलिस स्टेशन में दी है। पुलिस को दी शिकायत में चांदी गांव निवासी राकेश पुत्र वीरपाल सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी संगीता सुबह साढ़े दस बजे बिना किसी को बताए चली गई है। वह पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है। उसका कद पांच फुट चार इंच है और उसने हरे रंग का सूट पहना हुआ है। राकेश ने कहा है कि उसकी पत्नी की तलाश की जाए। इसके साथ उसने बताया कि सभी रिश्तेदारियों व आस पड़ोस में पुलिस अपनी पत्नी की तालीश की, लेकिन उसका कोई पत्ता नहीं चला। पुलिस ने इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शिवाजी कॉलोनी में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में पुरुषोत्तम अधिक मास के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य उत्सव (जन्मोत्सव) बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन स्वर्गीय सत्यनारायण बंसल की स्मृति में उनकी पत्नी रुक्मिणी देवी बंसल एवं समस्त बंसल परिवार द्वारा कराया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर वृंदावन के कलाकारों ने कोलकाता से मंगाए गए लाइव फूलों, रंग-बिरंगे गुब्बारों और कन्नौज के इत्र से पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने अपने मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का सजीव वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भगवान को छप्पन भोग भी अर्पित किए गए। कथा के उपरांत भव्य महाआरती हुई, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर महामंडलेश्वर बाबा कर्ण पुरी महाराज, पावन तायल, मदनलाल गोयल, प्रमोद और सुरेंद्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बंसल परिवार ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया है।

## बेटी बचाओं पर कारोर में निकाली जागरूकता रैली

**रोहतक।** उप स्वास्थ्य केंद्र कारोर के तत्वावधान में गांव कारोर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य समाज में गिरते लिंगानुपात के प्रति लोगों को सचेत करना और बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था।
एसएमओ डॉ. रीटा गोयल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरावड़ के चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र अहलावत के मार्गदर्शन में किया गया जिसका नेतृत्व सुभाष राणा ने किया। इस अवसर पर सुभाष राणा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां समाज की शक्ति और भविष्य की आधारशिला हैं। गिरता लिंगानुपात एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसे सामूहिक प्रयासों और बेटियों को समान शिक्षा-अवसर देकर ही सुधारा जा सकता है।

## अब तीन स्वीपिंग मशीनें रात में करेंगी शहर की प्रमुख सड़कों की सफाई

- एक साल के लिए करीब 96 लाख में दिया है टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की प्रमुख सड़कों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने आखिरकार अपनी दोनों मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों को शुरू कर दिया है। लंबे समय से निगम परिसर में खड़ी इन मशीनों को अब स्टाफ मिलने के बाद सड़कों पर उतारा गया है। इससे शहरवासियों को रात के समय साफ-सुथरी सड़कें देखने को मिलेंगी और धूल-मिट्टी से भी काफी राहत मिलेगी। इससे पहले केवल एक मशीन चलाई जा रही थी।
नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर में पहले से एक स्वीपिंग मशीन कार्य कर रही थी, जबकि दो अलग मशीनें कई माह से स्टाफ और संचालन व्यवस्था के अभाव में खड़ी थी। अब दोनों मशीनों के संचालन के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। निगम ने करीब 96 लाख रुपये का एक वर्ष का टेंडर जारी किया है, जिसके तहत मशीनों का संचालन, ड्राइवर, सफाई कर्मचारी और रखरखाव की जिम्मेदारी एजेंसी के पास रहेगी। अब एजेंसी के माध्यम से ड्राइवर और तकनीकी कर्मचारी उपलब्ध करा दिए गए हैं।




### धूल से मिलेगी राहत

निगम का कहना है कि मशीनों का उपयोग मुख्य रूप से शहर की प्रमुख सड़कों पर किया जाएगा। इनमें जींद रोड, भिवानी रोड, दिल्ली रोड, हिसार रोड, मेडिकल मोड़, झज्जर रोड, गोहाना अड्डा, रेलवे रोड, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र और सेक्टरों की मुख्य सड़कें शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें सड़क किनारे जमा धूल, मिट्टी और कचरे को तेजी से साफ करती हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में उड़ने वाली धूल से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि पहले मशीनों के लिए स्टाफ उपलब्ध नहीं होने के कारण संचालन शुरू नहीं हो पा रहा था। मशीनों की निगरानी के लिए निगम स्तर पर भी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दूधिया घायल

**लाखन माजरा।** चांदी गांव के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में लाखन माजरा गांव निवासी जयपाल पुत्र रामेश्वर ने बताया कि उसकी उम्र 35 वर्ष है। वह रोहतक में दूध सप्लाई का काम करता है। रात दस बजे वह दूध सप्लाई करके वापस घर आा रहा था। जब वह चांदी पुल के ऊपर पहुंचा तो पीछे से आ रही एक बंद बॉडी की बड़ी गाड़ी ने उसकी पल्सर बाइक में टक्कर मार दी। वह गाड़ी का नंबर नोट नहीं कर पाया। अनजान लोगों ने उसको सीएचसी लाखन माजरा में उपचार के लिए दाखिल करवाया। वहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। लापरवाही व गफलत से वाहन चलाकर अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मारकर उसको घायल किया है।

## रोजगार के साथ पर्यावरण संरक्षण की तैयारी

# वीबी राम जी योजना में इस बार होगा पौधरोपण, सीएम खुद संभालेंगे कमान

**रोहतक।** इस बार मानसून सीजन में होने वाले पौधारोपण अभियान को लेकर सरकार ने नई तैयारी की है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण कार्य नई वीबी जी राम जी योजना के तहत कराया जाएगा। पहले यह कार्य मुख्य रूप से मनरेगा के माध्यम से किया जाता था, लेकिन अब इसे विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के तहत शामिल किया गया है। इस योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देने की तैयारी की गई है। इस अभियान की निगरानी स्वयं मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे। इसे लेकर प्रशासन को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सरकार का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और विकास को भी सुनिश्चित करना है। इसी कारण इस बार पौधारोपण अभियान को अधिक व्यवस्थित और निगरानी आधारित बनाया गया है। सड़क किनारे लगाए जाने वाले पौधों के बीच चार मीटर की दूरी रखना अनिवार्य किया गया है।

### 100 पौधे लगवाएंगे सैनी

प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि मानसून शुरू होने के साथ गांवों और मुख्य मार्गों पर बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री स्वयं इस दौरान 100 पौधे रोपित करेंगे। इन पौधों की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी जिला परिषद को सौंपी गई है। जिला स्तर पर पौधों की उपलब्धता और उनकी प्रजातियों के चयन की प्रक्रिया पहले से तय करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ट्रांजेक्शन लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक से ठगी

**सांपला।** सांपला थाना क्षेत्र के गांव हसनगढ़ निवासी एक व्यक्ति से साइबर ठगों ने बैंक खाते की ट्रांजेक्शन लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 79 हजार 860 रुपए की ठगी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास कॉल आई, जिसमें कॉल करने वालों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। आरोपियों ने खाते की ट्रांजेक्शन लिमिट बढ़ाने की बात कहकर उसे अपने झांसे में ले लिया और खाते से 79 हजार 860 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। कुछ देर बाद पीड़ित को अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चला। इसके बाद उसने तुरंत साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भालौठ सब ब्रांच का बेड पक्का करने के विरोध में किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी



**रोहतक।** भालौठ सब ब्रांच को आरसीसी से पक्का किए जाने के विरोध में किसानों और ग्रामीणों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद नहर पर किसानों का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे किसानों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि उनकी मांगों और चिंताओं की अनदेखी की जा रही है। धरना कमेटी की बैठक में आंदोलन को और व्यापक बनाने का निर्णय लिया गया। कमेटी ने फैसला लिया कि नहर से प्रभावित सभी गांवों को इस आंदोलन से जोड़ा जाएगा, ताकि ग्रामीणों की आवाज को और मजबूती मिल सके। साथ ही मंगलवार को उपायुक्त रोहतक को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराने का निर्णय भी लिया गया है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ तो बड़ी पंचायत बुलाकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों ने कहा कि प्रदेश में पहले जिन नहरों और रजबाहों को पक्का किया गया, वहां गंभीर समस्याएं सामने आईं। उनका दावा है कि नहरों के किनारे लगे ट्यूबवेल और हैंडपंप धीरे धीरे बेकार हो गए तथा भूमिगत जल स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की गई। ग्रामीणों का कहना है कि नहरों की सीपेज से आसपास के क्षेत्रों में भूजल रिचार्ज होता है, जिससे पीने के पानी की उपलब्धता बनी रहती है।

## पेट्रोल पंप से 18 लीटर डीजल डलवाकर भागा कार चालक, सेल्समैन के साथ की मारपीट

**लाखन माजरा।** भगवतीपुर गांव के पास स्थित एक पेट्रोल पंप से एक कार चालक 18 लीटर डीजल डलवाकर बिना पैसे दिए फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में अनिल कुमार ने बताया कि वह एक साल से भगवतीपुर में स्थित जीओ पेट्रोल पंप पर सेल्समैन की नौकरी करता है। रात को 12 बजे एक बिना नंबर की रिटज सिल्वर कलर कार तेल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पर आई। चालक के हावभाव देखकर उन्होंने उसको तेल डालने से मना कर दिया। 20 मिनट बाद वही गाड़ी फिर से पेट्रोल पंप पर आ गई। उसने डीजल के 1639 रुपये भी नहीं दिए और उससे 1100 रुपए और मांगे। कहा किसी साथी से ऑन लाइन पेमेंट डलवा देता हूं। जब कार चालक बिना पैसे दिए कार लेकर भागने लगा तो वह कंडक्टर साइड से कार में बैठ गया। उसने रोंग साइड रोहतक की ओर गाड़ी भगा ली। उसकी आंख पर मुक्के मारे। शरीर पर कई जगह और भी चोट मारी। वह बीच रास्ता में उसको गाड़ी से नीचे धक्का देकर भाग गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## पेयजल संकट से खेड़ी साध के ग्रामीण बेहाल, दूसरे गांवों से ला रहे पानी

# टैंक के साथ लोगों के कंठ भी सूखे, 20 दिन से तरस रहे

### प्रशासन और जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ बढ़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


नारेबाजी की


खाली पड़ा टैंक

हरिभूमि सरोकार

भीषण गर्मी के बीच गांव खेड़ी साध में पिछले करीब 20 दिनों से गहराया पेयजल संकट ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। गांव में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप होने से लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि ग्रामीणों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए दूसरे गांवों से पानी लाना पड़ रहा है। लगातार बनी इस समस्या के कारण गांव में प्रशासन और जनस्वास्थ्य विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव शहर से सटा हुआ होने के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक सही तरीके से नहीं मिल पा रही हैं। गांव के अधिकांश घरों में पिछले कई दिनों से नलों में पानी नहीं आया है। इससे पीने के पानी के साथ-साथ नहाने, कपड़े धोने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भी संकट खड़ा हो गया है। महिलाओं और बच्चों को सुबह से लेकर देर शाम तक पानी की व्यवस्था करने में जुटना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली, बाइक और अन्य साधनों के जरिए आसपास के गांवों से पानी भरकर ला रहे हैं। कई परिवार निजी टैंकरों से महंगे दामों पर पानी खरीदने को मजबूर हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह खर्च अतिरिक्त बोझ बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की तलाश में कई घंटे बर्बाद हो रहे हैं, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो चुकी है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### जलापूर्ति व्यवस्था सुधारे प्रशासन



बीस दिनों से पेयजल संकट झेल रहे गांव में हाहाकार मचा हुआ है। जलघर की हालत बेहद खस्ता होने से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। टैंक से पानी रिसाव लगातार हो रहा है, जिससे समस्या और बढ़ी है। प्रशासन जल्द जलापूर्ति व्यवस्था सुधारे। *मंजू गहलावत सामाजिक कार्यकर्ता खेड़ी साध।*

### दो दिन में समाधान का आश्वासन



गांव में कई दिनों से बनी पेयजल किल्लत को लेकर अधिकारियों से बातचीत की है। जिसमें समस्या के समाधान का आश्वासन मिला है। संबंधित विभाग के एक्सईएन ने कहा कि अगले दो दिनों के भीतर जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कर पेयजल संकट का समाधान कर दिया जाएगा। *संतु पहलवान, पूर्व पार्षद प्रत्याशी*

## खबर संक्षेप

### इमसार के दो विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट में चयन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा सीसीपीसी के सहयोग से वर्चुअल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कार्यक्रम में छात्र आयुष कुमार का चयन एचडीएफसी बैंक आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस में 3.4 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ। वहीं छात्र अशोक का चयन रियलिटी वुल्फ में मैनेजमेंट ट्रेनी पद के लिए 4 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ।

### 15 जून से घर-घर होगा मतदाता सत्यापन

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और पात्र मतदाताओं का सही रिकॉर्ड तैयार करना है। इसके तहत मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवासन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए दिशा-निर्देशों के बाद आयोजित बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा में यह विशेष अभियान 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक चलाया जाएगा।

### जेल लोक अदालत में 4 मामलों का निपटारा

**रोहतक।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) विशाल के समक्ष कुल छह मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से चार मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। लोक अदालत के बाद सीजेएम विशाल ने जिला जेल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जेल की विभिन्न बैरकों का दौरा कर कैदियों और बंदियों से बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## काले बिल्ले लगाकर जताया रोष, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

# एमडीयू में गैर-शिक्षक कर्मियों ने मांगों को लेकर शुरू की कलम छोड़ हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में गैर-शिक्षक कर्मचारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच टकराव चरम पर पहुंच गया है। अपनी लंबित मांगों को लेकर भड़के कर्मचारियों ने बुधवार को कलम छोड़ हड़ताल करने और काले बिल्ले लगाकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराने का बड़ा फैसला लिया है। इससे पहले गैर-शिक्षक संघ के आह्वान पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक गेट पर एक विशाल आम सभा (जनरल बॉडी मीटिंग) का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने कुलपति की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर रोष जताया। कर्मचारियों का मुख्य विरोध विवि प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की पदोन्नति से जुड़ी डीपीसी की बैठक को लगातार लटकाया जा रहा है, जो अमूमन एक घंटे में पूरी हो जाती है। कर्मचारियों का आरोप है कि इसी एक महीने के दौरान विवि प्रशासन ने कई शिक्षकों को तो महत्वपूर्ण पदों पर पोस्टिंग दे दी, लेकिन गैर-शिक्षक कर्मचारियों की जायज मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। आम सभा के बाद संघ के प्रधान सुरेश कौशिक के नेतृत्व में कर्मचारी कुलपति को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। कुलपति की ओर से मांगों को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने के बाद कर्मचारियों में नाराजगी और बढ़ गई है।


रोहतक। कर्मचारियों को समझाते कुलपति प्रो मिलाप पूनिया।

### प्रमुख मांगें

पदोन्नति से संबंधित डीपीसीकी बैठक जल्द आयोजित की जाए। गैर-शिक्षक श्रेणी के पदों पर शिक्षकों को नियुक्त करने पर रोक लगाई जाए। 3200-3600 ग्रेड पे के मामले को तुरंत लागू किया जाए। कड़े विरोध के बावजूद एडवाइजर और कंसल्टेंट को दोबारा रखने के फैसले को रद्द करना।

### पदोन्नति समिति की बैठक आज

विश्वविद्यालय के सभी वर्गों - विद्यार्थी वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग, शिक्षक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्वविद्यालय के सभी स्टेकहोल्डर्स के जायज न्यायोचित मांगों, उनके करिअर पदोन्नति के नियमानुसार अवसर प्रदान करने में विश्वविद्यालय प्रशासन तत्पर है। इस कड़ी में गैर शिक्षक कर्मियों की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक वीरवार को निर्धारित है। भविष्य में भी प्रशासन सकारात्मक दृष्टिकोण से विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर शिक्षकों के कल्याण के लिए कार्य करता रहेगा।

*-प्रो मिलाप पूनिया, एमडीयू वीसी*

### मदवि कुलपति से टीका राम एजुकेशन सोसायटी सोनीपत के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ से आज टीका राम एजुकेशन सोसायटी, सोनीपत के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दहिया ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शिक्षा और समाजहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय और समाज के बीच बेहतर समन्वय से विद्यार्थियों को अधिक अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों में कौशल विकास, उद्यमिता और सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करना बेहद जरूरी है, जिससे वे वैश्विक चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। इस मौके पर देवेंद्र दहिया तथा अधिवक्ता अमन दहिया उपस्थित रहे।



### रोडवेज कर्मियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की राज्य स्तरीय कन्वेंशन बुधवार को किशनपुरा स्थित रोडवेज भवन में आयोजित हुई। कन्वेंशन में प्रदेशभर के डिपो व सब डिपो से पहुंचे कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कर्मचारियों ने सरकार पर रोडवेज विभाग के निजीकरण और कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार रोडवेज विभाग में सरकारी बसों की संख्या बढ़ाने के बजाय ठेके की इलेक्ट्रिक बसों को शामिल कर रही है, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा है।



## ट्रैफिक पुलिस ने एक ही दिन में तीन लाख रुपये के काटे चालान

**रोहतक।** जिले में ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ बुधवार को पुलिस का बड़ा अभियान देखने को मिला। शहर के प्रमुख चौकों और बाइपासों पर पुलिस की टीमों ने एक साथ सख्त चेकिंग अभियान चलाकर वाहन चालकों में हड़कंप मचा दिया। इस दौरान ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों, अवैध साइलेंसर वाले बाइकों और बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए करीब एक ही दिन में तीन लाख रुपये के चालान किए गए। एसपी के आदेश पर चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान शीलाबाइपास, छोटूराम चौक, दिल्ली बाइपास, डी-पार्क और अन्य प्रमुख मार्गों पर पुलिस की अलग-अलग टीमें तैनात रहीं। सुबह से शुरू हुआ यह अभियान देर शाम तक जारी रहा। जैसे ही पुलिस ने सड़कों पर चेकिंग शुरू की, कई वाहन चालक रास्ता बदलते और गलियों में छिपते नजर आए। अभियान के दौरान सबसे ज्यादा कार्रवाई उन बाइक चालकों पर की गई, जिन्होंने अपनी मोटरसाइकिलों में अवैध और तेज आवाज करने वाले साइलेंसर लगवा रखे थे। पुलिस ने ऐसे कई युवकों को मौके पर रोककर उनके वाहनों की जांच की। कई बाइक चालकों के साइलेंसर मौके पर ही उतरवाए गए, जबकि कुछ वाहनों को जब्त भी किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तेज आवाज वाले साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं बल्कि आम लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बनते हैं। लगातार शिकायतें मिलने के बाद इस तरह के वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।



# राजकीय महिला कॉलेज में सबसे ज्यादा बैचलर ऑफ आर्ट में आए 313 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक (यूजी) कक्षाओं में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले के विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक छात्र उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के माध्यम से आवेदन 31 मई तक कर सकते हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने बताया कि कॉलेज में 13 कोर्स में 2400 सीट उपलब्ध है। अबतक कॉलेज में 853 आवेदन आए है। विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 07 से 31 मई तक चलेगा। इसके बाद आवेदन में सुधार (ओटीपी आधारित) 07 मई से 01 जून तक किया जा सकेगा। आवेदकों की सूची (आपत्तियों सहित) 02 जून को जारी होगी। 11 जून को पहली मुख्य मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा बैचलर ऑफ आर्ट में 313 आवेदन आए है।


प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा

### जानें किस कोर्स में कितनी सीटें

| कोर्स नाम | कुल सीट | कुल आवेदन |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ आर्ट | 800 | 313 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इकोनॉमिक्स | 80 | 16 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन अंग्रेजी | 80 | 16 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन हिंदी | 60 | 18 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन साइकोलॉजी | 60 | 45 |
| बीबीए | 60 | 63 |
| बीकॉम | 440 | 108 |
| बीसीए | 120 | 79 |
| बैचलर ऑफ होम साइंस | 40 | 6 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस | 240 | 101 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्ल साइंस | 280 | 42 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन गणित | 80 | 22 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन भौतिकी | 60 | 24 |

## संपत्ति कर धारकों को बड़ी राहत, अब 6 कर्मचारी वसूलेंगे टैक्स

# बिना ब्याज के जमा कर सकेंगे पुराना बकाया 31 जुलाई तक चालू वर्ष के टैक्स पर भी 10% छूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

हरियाणा सरकार द्वारा संपत्तिकर बकाया पर लागू की गई 100 प्रतिशत ब्याज माफी योजना के तहत नगर निगम, रोहतक ने नागरिकों को अधिक सुविधा देने के लिए अपनी व्यवस्थाओं का विस्तार कर दिया है। अब 6 कर्मचारी इस व्यवस्था को संभालेंगे। अब वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित संपत्तिकर बकाया पर लगने वाले पूरे ब्याज को माफ किया जा रहा है। यह विशेष राहत योजना 30 जून 2026 तक लागू रहेगी। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को आर्थिक राहत प्रदान करना तथा संपत्ति कर रिकॉर्ड को अधिक पारदर्शी, अद्यतन और व्यवस्थित बनाना है। बड़ी संख्या में ऐसे नागरिक हैं जो लंबे समय से केवल बढ़ते ब्याज के कारण संपत्तिकर जमा नहीं करवा पा रहे थे। अब उन्हें बिना अतिरिक्त ब्याज भार के केवल मूल कर राशि जमा करने का अवसर दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों को 'संपत्तिकर का बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन प्रणाली पोर्टल' पर अपनी संपत्ति का विवरण स्वत प्रमाणित करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही बकाया राशि पर ब्याज माफी का लाभ दिया जाएगा। सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष 2026-27 के संपत्तिकर पर भी विशेष छूट दी जा रही है। यदि नागरिक 31 जुलाई 2026 तक चालू वर्ष का संपत्तिकर जमा करवाते हैं तो उन्हें कुल कर राशि पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इससे समय पर कर जमा करने के लिए लोगों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। नगर निगम प्रशासन ने सभी संपत्तिकर धारकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते अपना बकाया कर जमा करवाएं।



# जिला कारागार में मुलाकातियों के लिए कानूनी हेल्प डेस्क प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

सुनारिया स्थित जिला कारागार में बंदियों से मिलने आने वाले लोगों की सुविधा के लिए कानूनी हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। यह पहल हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई है, ताकि मुलाकातियों को आवश्यक सहायता और जानकारी आसानी से उपलब्ध करवाई जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) विशाल ने बताया कि मुलाकातियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। यहां एक पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है, जिसे विशेष निर्देश दिए गए हैं कि वरिष्ठ नागरिकों और महिला मुलाकातियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से जिला कारागार में बंद बंदियों के विचाराधीन मामलों से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। इससे परिजनों और मुलाकातियों को जरूरी कानूनी जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।



## न्यूज डायरी

### जाट कॉलेज में हुई अवार्ड सेरेमनी



**रोहतक।** जाट कॉलेज में बुधवार को एक भव्य अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के 116 होनहार विद्यार्थियों को जरूरत सह योग्यता आधारित (नीड कम मेरिट बेस) छात्रवृत्ति के चेक सौंपे गए। इस अवसर पर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, महासचिव एडवोकेट नवदीप (मोनू), गवर्निंग बॉडी सदस्य डॉ. कपूर सिंह, सुखबीर हुड्डा और प्राचार्य प्रोफेसर जोगेंद्र सिंह दहिया ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को स्कॉलरशिप राशि के चेक प्रदान किए। संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने छात्रों को बधाई देते हुए अनुशासन में रहकर शिक्षा और खेलों में नया मुकाम हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने और मोबाइल फोन का सीमित उपयोग करने की अपील की। प्राचार्य प्रो. जोगेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि छात्रवृत्ति पाने वालों में 17 सिंगल पेरेंट्स के बच्चे और 99 मेरिट व जरूरतमंद विद्यार्थी शामिल हैं। इस नेक पहल में कॉलेज की एलुमनाई एसोसिएशन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश मलिक, डॉ. सूर्य प्रकाश, डॉ. अनिल नरवाल सहित कई प्राध्यापक मौजूद रहे।

### पठानिया स्कूल में शजाम लीग मिनी चैंपियनशिप में बच्चों ने दिखाया हुनर



**रोहतक।** स्थानीय पठानिया पब्लिक स्कूल में बुधवार को 'शजाम लीग मिनी चैंपियनशिप 2026' का शानदार आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर सीनियर केजी तक के नन्हें बच्चों ने पूरे उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान नर्सरी के बच्चों के लिए अवरोध दौड़, जूनियर केजी के लिए फ्लफ बॉल फन रेस और सीनियर केजी के छात्रों के लिए बीन बैग बोनांजा रेस आयोजित की गई। बच्चों के जोश और संतुलन ने दर्शकों व शिक्षकों का मन मोह लिया। शजाम ट्रेनर मोनिका के निर्देशन में हुए इस सफल आयोजन में विजेता बच्चों को स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि खेल गतिविधियां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और टीम भावना जगाने के लिए बेहद जरूरी हैं। इस मौके पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर और हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी मौजूद रहीं, जिन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में कैरम प्रतियोगिता



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में दो दिवसीय अंतर-सदन अंतर्कक्षा कैरम प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं में कक्षा तीसरी से समर्थ व विवेक, चौथी से यक्ष व भावेश, पांचवीं से भूमिका व हर्षित, छठी से दक्ष, सातवीं से मानव और आठवीं से दक्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दक्षवर्धन, अमीना, वंश, दीक्षांत, अनाया, लक्षित, सहज, तक्षित, माधव और अद्विक विभिन्न वर्गों में दूसरे स्थान पर रहे। युवान, अवनी, निशांत, रोनित, अनीश, जतिन, प्रीक्षित, अंगद और तन्मय ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल बच्चों में एकाग्रता, निर्णय क्षमता, अनुशासन और रणनीतिक सोच को निखारते हैं। खेल हमें जीतने की खुशी और हार से सीखने का हुनर सिखाते हैं। इस मौके पर उपप्राचार्या मशेंका, मधुलिका सहित कृष्णा गिल, संदीप राठी और खेल स्टाफ मौजूद रहा।

### एमडीयू की प्राध्यापिका डॉ. अंजलि ने अमेरिका में प्रस्तुत किया शोध पत्र

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के दृश्य कला विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंजलि दूहन ने अमेरिका के वॉशिंगटन डी.सी. स्थित विश्व प्रसिद्ध स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट में आयोजित अमेरिकन काउंसिल ऑफ सदर्न एशियन आर्ट्स सिंपोजियम-22 में अपने शोध पत्र की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। डॉ. अंजलि दूहन ने अपने शोध में सत्रहवीं शताब्दी के आरंभिक काल में मुगल सम्राट अकबर और शहजादा सलीम के लिए तैयार की गई सचित्र पांडुलिपियों का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया। उन्होंने संस्कृत ग्रंथों के अनुवाद पर आधारित इन दुर्लभ मुगलकालीन पांडुलिपियों में पाठ और चित्रों के अंतर्संबंध पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार दृश्य कला और साहित्य ने उस दौर में ज्ञान, संस्कृति और परंपरा को नई अभिव्यक्ति दी। उन्होंने अपने शोध में यह भी स्पष्ट किया कि मुगलकालीन सचित्र पांडुलिपियां केवल कलात्मक सौंदर्य का उदाहरण नहीं थीं, बल्कि वे भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक समन्वय और भाषाई संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम भी रहीं। शोध प्रस्तुति को अंतरराष्ट्रीय कला विशेषज्ञों और विद्वानों ने सराहा। एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने डॉ. अंजलि दूहन को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने शोध से नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक उपलब्धियां विश्वविद्यालय की वैश्विक प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करती हैं और युवा शोधार्थियों को उत्कृष्ट शोध के लिए प्रेरित करती हैं।



## उपलब्धि: सुपवा के एपी ने किया था साउंड डिजाइन, मिल चुका अवार्ड

# 'धारां का टेम' को मिली एनएफडीसी से सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के पूर्व छात्र द्वारा बनाई गई शॉर्ट फिल्म 'धारां का टेम' (टाइम फॉर मिल्किंग) को एनएफडीसी (नेशनल फिल्म डिवलेपमेंट कॉरपोरेशन) से सराहना मिल रही है। एनएफडीसी ने इस फिल्म को 19वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एमआईएफएफ) की प्रचार सामग्री में शामिल किया है। इसके बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर पोस्ट करते हुए क्षेत्रीय भाषाओं के फिल्म निर्माताओं को फेस्टिवल में शिरकत करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### फिल्म इंडस्ट्री में दिखा रहे प्रतिभा

'धारा का टेम' का निर्देशन डीएलसीसुपवा के 2012 बैच में डायरेक्शन के छात्र रहे अमित कुमार ने किया है, जबकि इसका साउंड डिजाइन यूनिवर्सिटी के ऑडियोग्राफी डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिजीत सरकार ने किया है। अभिजीत बताते हैं कि 30 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म के लिए साल 2024 में 18वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एमआईएफएफ) में बेस्ट साउंड डिजाइनर का उन्हें अवार्ड मिल चुका है। एमआईएफएफ का आयोजन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय व एनएफडीसी कराते हैं। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के बाद एमआईएफएफ को देश का दूसरा सबसे बड़ा फिल्मी अवार्ड माना जाता है। सुपवा की फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एफसी महेश टीपी बताते हैं कि यूनिवर्सिटी यहां पढ़ने वाले छात्रों को ही हुनरमंद नहीं बनाती, बल्कि यहां मौजूद फैकेल्टी सदस्यों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के पूरे अवसर प्रदान करती है। सुपवा से शिक्षा ग्रहण करने के बाद कितने ही छात्र आज फिल्म इंडस्ट्री में अपनी प्रतिभा से सभी को परिचित करवा रहे हैं।


पूर्व छात्र अमित

### हरियाणवी बैकग्राउंड पर बनाई

*असिस्टेंट प्रोफेसर अभिजीत सरकार बताते हैं कि शॉर्ट फिल्म के नाम 'धारा का टेम' से साफ है कि यह हरियाणवी बैकग्राउंड पर बनाई गई है। इसमें हर रोज सुबह के समय पशुओं का दूध निकालने के दौरान किस तरह का मौहाल, वातावरण होता है, वह सभी फिल्माया गया है। बाकायदा पक्षियों की चहचहाट से लेकर वे तमाम चीजें दिखाने का प्रयास किया गया है, जो किसी भी साधारण गांव के किसी घर में बंधे पशुओं के आसपास का अक्सर सीन बना रहता है। बाकायदा पशुओं को बांधने वाली बेल की आवाज, अचानक से तेज सांस छोड़ने की आवाज, दूध निकालने के लिए किसान परिवार द्वारा की जाने वाली तैयारी, आदि को समायोजित किया गया है। अब एनएफडीसी 'धारा का टेम' की खासियत और इसे मिले अवार्ड का अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर जिक्र करते हुए क्षेत्रीय भाषाओं के फिल्मकारों को 19वें एमआईएफएफ में भाग लेने को आमंत्रित कर रही है।*

### मासूम शर्मा ने सौंपा 5 लाख का चेक



*रोहतक। प्रसिद्ध सिंगर मासूम शर्मा ने मंगलवार को दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के कुलगुरु डॉ अमित आर्य को 5 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस राशि से ऐसे छात्रों को आगे शिक्षा ग्रहण करने में मदद मिलेगी, जो आर्थिक कारणों से अपनी शिक्षा को जारी नहीं रख पाते। इस दौरान रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा, फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एफसी महेश टीपी, डीन स्टूडेंट्स वेल्फेयर विनय कुमार भी मौजूद रहे। रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा बताया कि मासूम शर्मा सुपवा के छात्र रहे हैं।*

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

आवश्यकता है
मीटर रीडर्स की
हरियाणा एक्ससर्विसेस लीग रोहतक को तुरन्त प्रभाव से मीटर रीडर्स की आवश्यकता है।
इच्छुक प्रार्थी दसवी पास आईटीआई डिप्लोमा के साथ अथवा बारहवी पास अपने सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र के साथ
हरियाणा एक्ससर्विसेस लीग रोहतक, HESL भवन, प्लाट नंबर एक, सैनिक पथ सेक्टर 4, रोहतक-124001 (हरियाणा) में रिपोर्ट करें।
वेतन कार्य क्षमता के अनुसार पाएंगे।

## खबर संक्षेप

### परचून की दुकान से नकदी व सामान चोरी

**रोहतक।** अर्बन स्टेट थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव बोहर में चोरों ने एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी और सामान चोरी कर लिया। वारदात देर रात की बताई जा रही है। घटना के बाद दुकानदार ने पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बोहर निवासी बिजेंदर उर्फ कुकी सैनी पुत्र दयानंद सैनी ने बताया कि उसकी गांव में परचून की दुकान है। 18-19 मई की रात को दो अज्ञात युवक दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। आरोप है कि चोर दुकान से करीब 15 हजार रुपये की नकदी, आधा दर्जन से अधिक सिगरेट के पैकेट और अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**सांपला।** थाना पुलिस ने गांव नौनंद में कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 48 बोतल देसी शराब बरामद हुई हैं। पुलिस टीम गश्त के दौरान चुलियाना मोड़ क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गांव नौनंद निवासी राजेन्द्र अपने घर के बाहर गली में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड की। पुलिस को देखकर वहां मौजूद कुछ ग्राहक फरार हो गए, जबकि पुलिस ने राजेन्द्र निवासी नौनंद को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो गत्ता पेटियां और एक प्लास्टिक कट्टा मिला। इनमें 12 बोतल संतरा मार्का, 12 बोतल माल्टा मार्का और 24 बोतल संतरा मार्का देसी शराब बरामद हुई। आरोपी शराब संबंधी कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना सांपला में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोलर कंट्रोलर और तार चोरी कर ले गए चोर

**रोहतक।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव खरक जाटान में खेतों में लगे सोलर ट्यूबवेल चोरों के निशाने पर आ गए। अज्ञात चोर रात के अंधेरे में दो किसानों के खेतों से सोलर कंट्रोलर और तार चोरी कर ले गए। घटना का पता सुबह खेतों में पहुंचने पर लगा। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खरक जाटान निवासी अनिल पुत्र जगदीश ने बताया कि उसने खेतों में सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन लगवा रखा है। 19 मई की सुबह जब वह खेत में पहुंचा तो देखा कि सोलर कनेक्शन से कंट्रोलर और तार गायब थे। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर रात के समय सामान चोरी कर ले गए। इसी दौरान पड़ोसी किसान हर्ष पुत्र सुरेंद्र भी मौके पर पहुंचा।

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**रोहतक।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। गांव सुंदरपुर निवासी बनिता ने अपने पति राहुल राठी पर दहेज के लिए परेशान करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार शादी के बाद से ही पति लगातार नई मांगें रखता था और मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। परिवार ने कई बार समझौते की कोशिश की, लेकिन स्थिति नहीं बदली। महिला ने आरोप लगाया कि हाल ही में मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दी। लाखन माजरा थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### कच्चा माल और परिवहन खर्च बढ़ने से छोटे उद्योगों पर संकट

# खाड़ी युद्ध की आग से झुलसे उद्योग, अब महंगे ईंधन ने कर दिए फैक्ट्रियों के नट बोल्ट 'टाइट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का असर अब रोहतक के उद्योगों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से परिवहन और उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है, जिससे नट-बोल्ट और मशीनरी आधारित फैक्ट्रियां सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। कच्चे माल के दाम बढ़ने और माल ढुलाई महंगी होने से कई छोटे उद्योगों ने उत्पादन घटा दिया है। उद्योगपतियों का कहना है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो रोजगार और बाजार दोनों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

#### आम लोगों पर भी पड़ रहा असर



हरिभूमि सिटी पल्स

उद्योग संगठनों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि छोटे और मध्यम उद्योगों को राहत देने के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। साथ ही डीजल पर टैक्स में अस्थायी कटौती और परिवहन लागत नियंत्रित करने के उपाय किए जाएं। यदि समय रहते राहत नहीं मिली तो उत्पादन प्रभावित होने से रोजगार पर असर पड़ेगा। उधर आम लोगों पर भी इसका असर दिखने लगा है। बाजार में रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं।

**कई इकाइयों ने घटाया उत्पादन, रोजगार पर भी मंडराया खतरा**

**उद्योग संगठनों ने राहत पैकेज और टैक्स कटौती की मांग उठाई**

#### माल ढुलाई का खर्च अचानक बढ़ा

नट-बोल्ट फैक्ट्री संचालकों का कहना है कि डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई का खर्च अचानक बढ़ गया। पहले जहां एक ट्रक माल भेजने में सीमित लागत आती थी, वहीं अब परिवहन खर्च में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। इसके अलावा कच्चा माल, जैसे लोहा, स्टील वायर और मशीन ऑयल भी महंगा हो गया है। इससे उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। छोटे उद्योग पहले ही बिजली बिल, मजदूरी और टैक्स के दबाव से जूझ रहे थे, लेकिन अब ईंधन संकट ने स्थिति और गंभीर बना दी है। कई इकाइयों ने उत्पादन घटा दिया है, जबकि कुछ छोटे कारखानों में अस्थायी रूप से काम बंद करने की नौबत आ गई है। उद्यमियों के अनुसार यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में बाजार में नट-बोल्ट और मशीन पार्ट्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

#### काम करना चुनौतीपूर्ण होगा



महंगाई तेजी से बढ़ रही है। उद्यमियों के सामने संकट पैदा हो गया है। कच्चा माल ही तेज भाव में मिलेगा तो काम करना चुनौतीपूर्ण होगा। इसके अलावा किराया भाड़ा भी बढ़ गया है। नट बोल्ट से लेकर हर उद्योग प्रभावित हो रहा है। महंगाई की मार का असर हर जगह देखने को मिल रहा है। छोटे और मध्यम उद्योगों को राहत देने के लिए विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए।

**-देवेंद्र सैनी,** प्रधान, आईई एंड आईडीसी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन समिति कुताना

#### खुद को तैयार कर रहे



पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ने के बाद महंगाई बढ़ रही है। इसका पूरे बाजार पर असर पड़ रहा है। ऐसे में कोई समाधान तो है नहीं, महंगाई का सामना ही करना पड़ेगा। इसलिए हम सभी खुद को इसके लिए तैयार कर रहे हैं।

**-मदन लाल,** उद्यमी, एचएसआईआईडीसी

---

### कुरुक्षेत्र में एनकाउंटर, एसटीएफ ने 20 राउंड फायरिंग के बाद दो गुर्गे पकड़े

# रोहतक में बड़ी वारदात की फिराक में थे भाऊ गैंग के शूटर, गिरफ्तार

**जांच में गैंग के नेटवर्क और टारगेट का पता लगाया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गैंगस्टरों के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच मंगलवार देर रात कुरुक्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब करनाल एसटीएफ और भाऊ गैंग से जुड़े दो शूटरों के बीच मुठभेड़ हो गई। जीटी रोड पर शाहाबाद के रतनगढ़ गांव के पास हुई इस मुठभेड़ में दोनों ओर से करीब 20 राउंड फायरिंग हुई। जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ ने दोनों बदमाशों को गोली मारकर काबू कर लिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों शूटर रोहतक में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे और वाहन का इंतजार कर रहे थे। घायल बदमाशों की पहचान अमृतसर के खजाना गेट निवासी कशिश और श्रीपुरा निवासी हर्ष के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से विदेशी पिस्टल बरामद हुई हैं। मुठभेड़ के बाद दोनों को पहले शाहाबाद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कुरुक्षेत्र रेफर कर दिया गया।

#### मूवमेंट की सूचना थी

एसटीएफ करनाल यूनिट के इंचार्ज दीपेंद्र राणा ने बताया कि टीम को पहले ही भाऊ गैंग से जुड़े दो शूटरों की गतिविधियों की गुप्त सूचना मिल चुकी थी। इनपुट में जानकारी मिली थी कि दोनों आरोपी हथियारों के साथ जीटी रोड पर रतनगढ़ गांव के पास मौजूद हैं और किसी बड़ी वारदात की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर एसटीएफ ने इलाके में घेराबंदी की। जैसे ही टीम बदमाशों के करीब पहुंची, उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।

#### एसआई की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी गोली

मुठभेड़ के दौरान एसआई प्रवीण कुमार पर बदमाशों ने फायरिंग की, लेकिन गोली बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी और उनकी जान बच गई। इसके बाद एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई की। करीब 20 राउंड फायरिंग के बाद दोनों शूटरों को टांगों में गोली लगने से घायल कर काबू कर लिया गया। मौके से दो विदेशी पिस्टल भी बरामद की गईं।

#### रोहतक जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे

दोनों आरोपी रोहतक जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। पुलिस को शक है कि वे गैंगवार या रंगदारी जैसी बड़ी वारदात की साजिश में थे। एसटीएफ अब यह पता लगा रही है कि उनका टारगेट कौन था और उन्हें किसने निर्देश दिए थे। साथ ही आरोपियों के मोबाइल, रिकॉर्ड और गैंग नेटवर्क की जांच जारी है।

## पुणे के कारोबारी से 2 करोड़ रंगदारी मांगी, ककराना के बदमाश समेत 3 पकड़े, कई राज्यों में फैला गिरोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महाराष्ट्र के पुणे में फर्नीचर हाउस संचालक से दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगने और रकम नहीं मिलने पर फायरिंग करने के मामले में रोहतक पुलिस की सीआईए-1 टीम को बड़ी सफलता मिली है। हरिद्वार में छापेमारी के दौरान तीन आरोपियों को काबू कर पुणे पुलिस के हवाले किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कई राज्यों में फैले गैंग नेटवर्क को लेकर भी जांच तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार पुणे स्थित एजे फर्नीचर हाउस के मालिक को कुछ दिन पहले एक गैंग के सदस्यों द्वारा फोन कॉल कर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। आरोपियों ने कारोबारी को धमकी दी थी कि यदि रकम नहीं दी गई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस के मुताबिक कारोबारी द्वारा फिरौती की रकम नहीं देने पर आरोपियों ने 16 मई को एजे फर्नीचर हाउस पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

#### रोहतक पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों में झज्जर व सोनीपत के भी दो बदमाश

आरोपियों की पहचान प्रवीण (झज्जर), सागर (सोनीपत) और पंकज (ककराना) के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पुणे पुलिस से संपर्क किया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें सौंप दिया।

#### धमका कर करते थे वसूली

जांच में आया की आरोपी संगठित गैंग से जुड़े हो सकते हैं, जो कारोबारियों को धमकाकर रंगदारी वसूलते हैं। कई राज्यों में नेटवर्क फैला हुआ है।

## हथियारों से लैस युवकों ने घर पर किया हमला

**दरवाजा तोड़ने की कोशिश, वारदात सीसीटीवी में कैद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



कच्ची गढ़ी कुआं मोहल्ला में देर रात हथियारों से लैस तीन युवकों द्वारा एक परिवार के घर पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने कुल्हाड़ी और फरसों से गेट पर ताबड़तोड़ वार कर दरवाजा तोड़ने की कोशिश की और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।पीड़िता मनीषा ने बताया कि घटना 19 मई की रात की है, जब वह अपने रिश्तेदार के घर गई हुई थी। इसी दौरान मोहल्ले के तीन युवक हथियार लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। परिवार के लोगों ने डर के कारण तुरंत दरवाजा बंद कर लिया। आरोपियों ने महिलाओं और बच्चों को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।हमलावरों की पहचान बल्लू, विजय और आर्यन के रूप में हुई है। घटना के बाद डायल-112 पर सूचना दी गई। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई में ढिलाई बरत रही है। वहीं सिटी थाना पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी है और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## गहने और नकदी चोरी मामले में दो आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



कच्चा बेरी रोड स्थित एक घर में हुई चोरी की वारदात को पुलिस ने सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने घर खाली मिलने पर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 मई को वह और उनकी पत्नी ड्यूटी पर गए हुए थे। शाम को लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला और अलमारी से जेवरात व नकदी गायब थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने साहिल निवासी रामलीला पड़ाव और कुणाल निवासी पालिका कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर चोरी किए गए सामान की बरामदगी और उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। थाना शहर में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

## दो युवक अवैध हथियारों सहित काबू, असलहा मिला



**रोहतक।** रोहतक में सीआईए-1 टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच देसी पिस्तौल, 25 जिंदा राउंड और दो नंबर प्लेट बरामद की हैं। दोनों युवक बिना नंबर प्लेट की गाड़ी में घूम रहे थे और किसी बड़ी वारदात की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रशांत उर्फ पुष्कर (ब्राह्मणवास) और आकाश उर्फ गोलू (सांघी) के रूप में हुई है। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

#### दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड

जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। आरोपी आकाश उर्फ गोलू के खिलाफ हत्या के प्रयास, पुलिस मुठभेड़, अवैध हथियार रखने समेत आठ मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी प्रशांत पर हत्या का एक मामला पहले से दर्ज बताया गया है।

---

**राजीव गांधी स्टेडियम की मरम्मत का एस्टीमेट उच्च अधिकारियों के पास भेजा जा चुका : डीएसओ**

## खिलाड़ी बोले-स्टेडियम की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा

**टूटा शौचालय**



- नवीन जयहिंद ने खिलाड़ियों की समस्याओं को लेकर सरकार पर सवाल उठाए

**रोहतक।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम (सेक्टर-6) में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी को लेकर रोष जताया है। बुधवार को पूर्व आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद स्टेडियम पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में महिला और पुरुष खिलाड़ी अपनी समस्याएं साझा करने के लिए एकत्र हुए। खिलाड़ियों का आरोप है कि लंबे समय से स्टेडियम की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खेल विभाग की ओर से बहाने बनाने के अलावा कोई काम नहीं हो रहा है। जिला खेल अधिकारी अनूप ने बताया कि स्टेडियम की मरम्मत को लेकर इसका एस्टीमेट तैयार करके उच्च अधिकारियों के पास भेजा जा चुका है। जैसे ही वहां से बजट और टेंडर की मंजूरी आएगी, इसका निर्माण कार्य तुरंत शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेडियम की सफाई व्यवस्था जल्द ही ठीक की जाएगी। खिलाड़ियों की दुर्दशा देख नवीन जयहिंद ने कहा कि एक तरफ सरकार युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों से जुड़ने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ भविष्य के फौजियों और राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं दे पा रही। उन्होंने सीएम, खेल मंत्री और जिला प्रशासन से मांग की है कि बेटियों के सम्मान और सुरक्षा को देखते हुए स्टेडियम की समस्याओं का समाधान किया जाए।

#### महिला खिलाड़ियों ने सुरक्षा पर सवाल उठाए

महिला खिलाड़ियों ने सुरक्षा और सैनिटेशन पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि वॉशरूम बेहद बदहाल स्थिति में हैं, जिससे संक्रमण (इन्फेक्शन) का खतरा बना रहता है। शौचालय जाने वाले रास्ते में बड़ी-बड़ी घास उगी हुई है, जहां कई बार सांप तक देखे जा चुके हैं। इसके अलावा, स्टेडियम में लगे सभी वाटर कूलर या तो टूटे हुए हैं या खराब पड़े हैं, जिससे पीने के पानी का गंभीर संकट बना हुआ है।

## युवक का अपहरण, नग्न वीडियो बनाई, पांच काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पुलिस ने पिस्तौल की नोक पर युवक के अपहरण और मारपीट मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कलानौर निवासी मोनू को जिन्दराण मोड़ से अगवा कर बहुअकबरपुर के पास ले जाकर लाठी-डंडों से पीटा और उसका वीडियो बनाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कर्मबीर, सचिन उर्फ चीनू, जगपाल, पंकज और बलजीत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो हथियार और दो गाड़ियां बरामद हुई हैं। थाना कलानौर में मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### दूध सप्लाई कर लौट रहे युवक को वाहन ने मारी टक्कर

**रोहतक।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र में दूध सप्लाई कर घर लौट रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लाखन माजरा निवासी जयपाल पुत्र रामेश्वर ने बताया कि वह दूध सप्लाई का काम करता है। रोजाना की तरह वह रोहतक में दूध सप्लाई करके मोटरसाइकिल पर वापस अपने गांव लौट रहा था। जयपाल के अनुसार रात करीब 10 बजे जब वह गांव चांदी पुल के पास पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास से गुजर रहे लोगों ने उसे संभाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### 25 लाख में खरीदा बुलडोजर रास्ते से गायब, ठगी के आरोप

**रोहतक।** सांपला क्षेत्र के एक व्यापारी के साथ बुलडोजर खरीद के नाम पर 25 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। व्यापारी अतुल कुमार ने आरोप लगाया कि पेमेंट लेने के बाद आरोपियों ने रास्ते में ही बुलडोजर ट्राले से उतरवाकर वापस ले लिया।पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसने 12 जनवरी को इकराम खान से 25 लाख रुपये में बुलडोजर खरीदा था, जो जयपुर निवासी लियाकत अली के नाम पर बताया गया। पूरी रकम देने के बाद बुलडोजर ट्राले में लोड कर रवाना किया गया, लेकिन रास्ते में लियाकत अली और उसके साथी मुफीद ने बुलडोजर उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया।अतुल कुमार का कहना है कि वह करीब दो महीने तक जयपुर और जेवर थानों के चक्कर लगाता रहा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब सांपला थाना पुलिस ने इकराम खान, लियाकत अली और मुफीद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### एमडीयू इतिहास विभाग में एडमिशन प्रक्रिया शुरू, 26 मई तक करें आवेदन

# इतिहास के साथ भविष्य को लगाएं पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्टूडेंट गाइड

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) का इतिहास एवं पुरातत्व विभाग युवाओं के लिए करियर के नए अवसर लेकर आया है। एनईपी-2020 के तहत शुरू किए गए 4-वर्षीय यूजी इतिहास कार्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह कोर्स केवल इतिहास की पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि सिविल सर्विसेज, पुरातत्व, संग्रहालय, पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण, शिक्षण और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करता है। विभाग का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक शिक्षा, फील्ड एक्सपोजर और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के जरिए रोजगार के लिए तैयार करना है।



#### विवि में 60 सीटें



इस कोर्स में प्रवेश के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 26 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवि द्वारा इस कार्यक्रम के लिए कुल 60 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिन पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला दिया जाएगा। इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विकास ने बताया कि विवि द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस कोर्स में दाखिले के लिए उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड (जैसे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी या समकक्ष) से 12वीं में न्यूनतम अंक 50 % होना अनिवार्य है।

#### यहां मिलते हैं मौके

- **सिविल सर्विसेज** : यूपीएससी और हरियाणा सिविल सर्विसेज जैसी प्रशासनिक परीक्षाओं के लिए इतिहास हमेशा से सबसे लोकप्रिय और स्कोरिंग विषय रहा है।
- **पुरातत्व और संग्रहालय** : छात्र भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य पुरातत्व विभागों और विभिन्न संग्रहालयों में क्यूरेटर, पुरातत्वविद् या आर्काइविस्ट के रूप में काम कर सकेंगे।
- **धरोहर संरक्षण** : हेरिटेज मैनेजमेंट, टूरिज्म गाइड व सांस्कृतिक संगठनों में भारी मांग रहती है।

**मल्टीपल एंट्री और एग्जिट विकल्प** : एनईपी-2020 के तहत छात्रों को पढ़ाई के बीच में छोड़ने या दोबारा जुड़ने की आजादी मिलेगी।

- **प्रैक्टिकल और फील्ड एक्सपोजर** :छात्रों का फील्ड विजिट, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, सेमिनार और इंटरैक्टिव सेशन के जरिए समग्र विकास होगा।

### मदवि में चार वर्षीय स्नातक तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में एडमिशन जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2026-2027 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों (यूजी ऑनर्स/यूजी ऑनर्स विद रिसर्च) तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। एमडीयू कुलसचिव प्रो संदीप बंसल ने बताया कि 12वीं पास विद्यार्थी 26 मई तक 21 पाठ्यक्रमों की 1580 सीटों के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 10 से 16 जून तक आयोजित होगी, जबकि परिणाम 22 जून को घोषित किया जाएगा। पहली मेरिट सूची 24 जून को जारी होगी और काउंसलिंग 25 जून को होगी। विश्वविद्यालय में बीसीए, बीबीए, बीएससी, बीए, होटल मैनेजमेंट, एलएलबी ऑनर्स समेत कई पाठ्यक्रमों में दाखिले होंगे। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स 20 जून तक आवेदन कर सकेंगे। एमडीयू-सीपास गुरुग्राम में भी बीबीए और एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रमों में सीटें उपलब्ध हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।